Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide telecom services in Paplaz Mata region in Dausa Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): माननीय अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र में दो विधान सभा क्षेत्रों लालासौट और सिकराय को जोड़ने वाला एक ऐसा मार्ग है, जो दुर्गम पहाड़ों के बीच में से निकलता है, जिसे पपलाज माता जी क्षेत्र कहते हैं। यह 22 किलोमीटर में फैला हुआ है। इस क्षेत्र में 25 ढाणिया और गांव हैं, जहां दूरभाष की सुविधा बिल्कुल भी नहीं है। वह पहाड़ों का दुर्गम क्षेत्र है। वहां टावर लगाए जाएं या टेलीफोन लाइनों के माध्यम से संचार सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

माननीय प्रधान मंत्री जी का सपना है कि ढाणी को इंटरनेट सेवा से जोड़ा जाएगा। इस क्षेत्र में फोन सुविधा आज बिल्कुल भी नहीं है, तो ऐसी स्थिति में हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री जी के संकल्प को पूरा करने के लिए यहां टावर के माध्यम से या लाइन बिछा कर किसी भी तरह से दूरभाष की सेवा उपलब्ध कराने में आप मदद करेंगे। यहां की साक्षरता दर अत्यंत न्यून है। इस क्षेत्र के दोनों विधायक कांग्रेस के हैं और आज दोनों राजस्थान में कैबिनेट मंत्री हैं, लेकिन उसके बावजूद भी आज न यहां शिक्षा है, न आंगवाड़ी केन्द्रों के भवन हैं और न ही स्वास्थ्य की कोई व्यवस्था है। ऐसी स्थिति में अगर इनको दूरभाष सेवा मिलेगी, तो ये कम से कम संपर्क साधने में सफल होंगे। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती जसकौर मीना द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।